भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 643
09 दिसंबर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत उपचार

643. श्री पी.सी. मोहन:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तिथि तक जारी किए गए आयुष्मान भारत कार्डों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि निजी अस्पतालों की उदासीनता के कारण लोग एबी-पीएमजेएवाई का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या आवश्यक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ग): दिनांक 4 दिसंबर, 2022 की स्थिति के अनुसार जारी किए गए आयुष्मान भारत कार्ड का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

पैनलीकरण के नियमों और शर्तों के अनुसार, अस्पताल इस योजना के वास्तविक लाभार्थियों को इलाज से मना नहीं कर सकते हैं। पैनलबद्ध अस्पताल द्वारा इलाज से मना करने की स्थिति में, लाभार्थी केंद्रीय शिकायत निवारण प्रबंधन प्रणाली (सीजीआरएमएस) के नामित वेब-आधारित पोर्टल या मोबाइल-आधारित एप्लिकेशन पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके विकल्प के तौर पर, लाभार्थी 24x7 हेल्पलाइन 14555 के माध्यम से एनएचए के राष्ट्रीय कॉल सेंटर में संपर्क कर सकते हैं और अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। ऐसी शिकायतों का समाधान सार्वजनिक रूप से सुलभ आईटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से कुशल और पारदर्शी तरीके से किया जाता है।

दिनांक 4 दिसंबर 2022 तक की स्थिति के अनुसार, 11,700 निजी अस्पतालों सहित 26,267 पैनलबद्ध स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाताओं के नेटवर्क के माध्यम से 48,934.9 करोड़ रुपये मूल्य की लगभग 4.18 करोड़ अस्पताल भर्तियां प्राधिकृत की गई हैं। इसके अतिरिक्त, निजी क्षेत्र में प्राधिकृत अस्पताल भर्तियों की संख्या एवं राशि क्रमशः 57% और 67% हैं।

अनुलग्नक

जारी किए गए आयुष्मान भारत कार्ड का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**जारी किए गए आयुष्मान कार्डों की संख्या**
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	40292
आंध्र प्रदेश	6336279
अरुणाचल प्रदेश	75928
असम	882171
बिहार	7689675
चंडीगढ़	94360
छत्तीसगढ	16051248
दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	423716
गोवा	26386
गुजरात	16362262
हरियाणा	5560771
हिमाचल प्रदेश	1127841
जम्मू और कश्मीर	7991567
झारखंड	9605722
कर्नाटक	11906645
केरल	7061790
लद्दाख	138242
लक्षद्वीप	25710
मध्य प्रदेश	33218367
महाराष्ट्र	8061785
मणिपुर	470571
मेघालय	1761309
मिजोरम	425489
नगालैंड	294783
पुदुचेरी	399722
पंजाब	7965868
राजस्थान	1303188
सिक्किम	51752
तमिलनाडु	900923
तेलंगाना	27435
त्रिपुरा	1303134
उत्तर प्रदेश	23194647
उत्तराखंड	4906934

******